Roll No. …………………..

# BAHL–302

## हिन्दी भाषा का उद्भव एवं विकास

Bachelor of Arts (B. A.–12/16/17)

Third Year, Examination, 2018

**Time : 3 Hours** **Max. Marks : 80**

नोट : यह प्रश्न पत्र अस्सी (80) अंकों का है जो तीन (03) खण्डों 'क', 'ख' तथा 'ग' में विभाजित है। शिक्षार्थियों को इन खण्डों में दिए गए विस्तृत निर्देशों के अनुसार ही प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

खण्ड–क

(दीर्घ उत्तरीय प्रश्न)

नोट : खण्ड 'क' में चार (04) दीर्घ उत्तरीय प्रश्न दिये गये हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए उन्नीस (19) अंक निर्धारित हैं। शिक्षार्थियों को इनमें से केवल दो (02) प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

1. पश्चिमी हिन्दी उपभाषा का सामान्य परिचय देते हुए उसकी किसी एक बोली का विस्तृत भाषिक परिचय दीजिए।
2. ध्वनि परिवर्तन के कारणों का सोदाहरण वर्णन कीजिए।

3. अर्थ परिवर्तन की दिशाओं को उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए।
4. देवनागरी लिपि के गुण-दोषों का विवरण दीजिए।

## खण्ड–ख

## (लघु उत्तरीय प्रश्न)

नोट : खण्ड 'ख' में आठ (08) लघु उत्तरीय प्रश्न दिये गये हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए आठ (08) अंक निर्धारित हैं। शिक्षार्थियों को इनमें से केवल चार (04) प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

1. व्याकरणिक दृष्टि से अपभ्रंश और आरंभिक हिन्दी की तुलना कीजिए।
2. पूर्वी हिन्दी की बोलियों का साहित्यिक परिचय दीजिए।
3. राजभाषा अधिनियम, 1976 के मुख्य बिन्दुओं पर प्रकाश डालिए।
4. हिन्दी की शब्द-संपदा में विदेशी शब्दों के स्रोतों का परिचय दीजिए।
5. आधुनिक काल में देवनागरी लिपि में सुधार के प्रयासों का विवरण दीजिए।
6. संबंध तत्व के आधार पर पद निर्माण की पद्धतियों का परिचय दीजिए।
7. वाक्य के तत्व कौन-कौन से हैं ? संक्षिप्त विवरण दीजिए।
8. भाषा में लिंग तथा वचन नामक व्याकरणिक कोटियों के स्वरूप को स्पष्ट कीजिए।

## खण्ड–ग

## (वस्तुनिष्ठ प्रश्न)

नोट : खण्ड 'ग' में दस (10) वस्तुनिष्ठ प्रश्न दिये गये हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए एक (01) अंक निर्धारित है। इस खण्ड के सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

निम्नलिखित कथनों में सत्य/असत्य का चयन कीजिए :

1. भारतीय संविधान के अनुच्छेद संख्या 343 में हिन्दी को संघ की राजभाषा घोषित किया गया।
2. पालि मध्यकालीन भारतीय आर्यभाषा है।
3. भोजपुरी पूर्वी हिन्दी उपभाषा की बोली है।
4. मलिक मुहम्मद जायसी कृत 'पद्मावत' ब्रजभाषा में रचित है।
5. 'ष' हिन्दी भाषा की एक ऊष्म ध्वनि है।

रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए :

6. उर्दू भाषा संविधान की .................. अनुसूची में सम्मिलित है। (आठवीं/नवीं)
7. 'आदमी' शब्द हिन्दी में .................. भाषा से आया है। (अरबी/फारसी)
8. .................. लौकिक संस्कृत के प्रथम कवि माने जाते हैं। (वाल्मीकि/स्वयंभू)
9. हिन्दी भाषा में 'क्ष' ध्वनि .................. व्यंजन है। (संयुक्त/द्वित्व)
10. प्राचीन भारत की .................. लिपि दाएँ से बाएँ लिखी जाती थी। (ब्राह्मी/खरोष्ठी)